सत्यमेव जयते

**राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड**

**राजभवन देहरादून14 अक्टूबर, 2022**

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत गुरमीत सिंह (से नि) ने शुक्रवार को राजकीय दून मेडिकल कॉलेज परिसर देहरादून में आयोजित Uttarakhand State Ophthalmological Society के 18वें उत्तरा आईकॉन (Uttara Eyecone- 2022) कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया। 18वें उत्तरा आइकॉन कॉन्फ्रेंस में देशभर से आए नेत्र विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा लोगों की नेत्र सर्जरी की जा रही है। इस दौरान राज्यपाल ने लाइव नेत्र सर्जरी का अनुभव किया।

इस कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए उन्होंने देश भर से आए डॉक्टरों का धन्यवाद किया और कहा कि उन्होंने उत्तराखंड आकर यहां के लोगों की आंखों से संबन्धित समस्याओं का समाधान किया। उन्होंने कहा कि आज रिसर्च और तकनीक के बल पर उसके बेहतर परिणाम सामने आ रहे है। उन्होंने कहा कि हमारे डॉक्टर्स नये–नये आयाम छू रहे हैं जिस पर हम सभी को गर्व करना चाहिए।

राज्यपाल ने कहा कि आँखों और दृष्टि का हमारे जीवन में बहुत बड़ा महत्व है और यह सभी के जीवन में एक अहम भूमिका निभाती है। यदि व्यक्ति के जीवन में दृष्टि न हो तो उसे हर काम के लिए दूसरों पर निर्भर रहना पड़ता है। राज्यपाल ने कहा कि नेत्र से संबन्धित समस्याएं भी दिन–प्रतिदिन बढती जा रही हैं। इसके लिए विशेषज्ञ डाक्टर लोगों को जागरूक करें साथ ही डॉक्टर्स लोगों को नेत्र के लिए सावधानियों के प्रति जागरूक करें।

राज्यपाल ने कहा कि आंखों से सम्बन्धित होने वाले रोगों जिनमें कॉर्निया की बीमारियां, मोतियाबिंद और ग्लूकोमा के बाद, होने वाली दृष्टि हानि और अंधापन के आदि बीमारियों के बारे में लोगों को जागरूक करना जरूरी है, जिससे लोग इन बीमारियों से बच सके। उन्होंने कहा कि हमें अधिक से अधिक लोगों को नेत्रदान के बारे में भी जागरूक करना चाहिए। उन्होंने इस सम्मेलन की सफलता के लिए आयोजकों को शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ हर्ष बहादुर, सचिव डॉ सतान्शु माथुर, एडवाइजर वी.के ऑली, राजकीय दून मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य एवं डीन डॉ आशुतोष सयाना, डॉ विनोद अरोड़ा, डॉ सुशील अरोड़ा व देशभर से आए विशेषज्ञ डॉक्टर उपस्थित रहे।

...........0............